CIVIL SERVICES (MAIN)EXAM-2023

वियोज्य *DETACHABLE*

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र I)

# PSYCHOLOGY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों को शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) वर्णनात्मक प्रकार के शोध से निदानात्मक शोध कैसे भिन्न हैं ? प्रत्येक का उपयुक्त उदाहरण देकर प्रश्न का उत्तर दें ।
How is descriptive type of research different from diagnostic research ? Answer the question giving suitable example of each. 10

1.(b) "21 वीं सदी में मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में मानसिक स्वास्थ्य अध्ययन प्रमुख प्रचलन (ट्रेंड) है ।" — चर्चा कीजिए ।
"Mental health study is the major trend in Psychological studies in the 21st century." — Discuss. 10

1.(c) अवचेतन (सब्लिमिनल) प्रत्यक्षण से आपका क्या अभिप्राय है ? उपयुक्त उदाहरण की सहायता से विज्ञापन में इसकी भूमिका की चर्चा कीजिए ।
What do you mean by subliminal perception ? Discuss its role in advertising with the help of suitable example. 10

1.(d) आपका रिश्तेदार रसोचिकित्सा (कीमोथैरपी) से होकर गुजर रहा है । आपका अधिगम सिद्धान्तों से सम्बन्धित ज्ञान कैसे मददगार होगा ?
Your relative is going through chemotherapy. How your knowledge about learning theories will be helpful ? 10

1.(e) समस्या समाधान में सहायक कारकों की चर्चा कीजिए ।
Discuss the factors facilitating in problem-solving. 10

2.(a) मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के उपयोग पर विस्तृत चर्चा करें । इस क्षेत्र में हाल के उपयुक्त शोध कार्यों का हवाला देते हुए अपना जवाब दें ।
Explain in detail the use of computer technology in psychological studies. Give your answer citing appropriate recent work in the field. 20

2.(b) बहु-प्रतिभा सिद्धान्त और उनके मापन का वर्णन करें ।
Describe multiple intelligence theory and its measurement. 15

2.(c) शोध विधि किसी भी शोध की रीढ़ की हड्डी क्यों मानी जाती है ? सार्थक (साउंड) और विश्वसनीय परिणामों के लिए मनोवैज्ञानिक शोधों में लिये जाने वाले विभिन्न चरणों (स्टेप्स्) की चर्चा करें ।
Why is research method considered to be the back-bone of any research ? Discuss various steps to be undertaken in Psychological research for sound and reliable results. 15

3.(a) प्रात्यक्षिक संगठन को पूर्व अनुभव और प्रात्यक्षिक तत्परता के संदर्भ में प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें ।
Describe the factors influencing perceptual organization with reference to past experiences and perceptual readiness. 20



https://www.evidyarthi.in/

3.(b) अभिप्रेरणा के मनोवैज्ञानिक और कार्यिकीय आधार से आप क्या समझते हैं ? उपयुक्त उदाहरण देकर उनकी चर्चा करें ।

What do you understand by psychological and physiological basis of motivation ? Discuss them giving suitable examples. 15

3.(c) साइकोसाइबरनेटिक्स के प्रमुख विचारों की चर्चा करें ।

Discuss some key ideas from Psychocybernetics. 15

4.(a) अभिक्रमित और संभाव्यता अधिगम में अन्तर बताएं एवं तुलना करें तथा इनके फायदे और नुकसान को भी चिन्हित करें ।

Compare and contrast between programmed and probability learning and also highlight their advantages and disadvantages. 20

4.(b) क्या आपको लगता है कि बहु-सांस्कृतिक समाज में समाजीकरण एक बड़ी समस्या है ? इस संदर्भ में अपनी राय दें और औचित्यपूर्ण समाजीकरण की प्रक्रिया के लिए अपने सुझाव दें ।

Do you think that in multicultural society, socialization is a big issue ? Give your opinion in this regard and suggest proper socialization mechanism. 15

4.(c) एक सिद्धान्त, एक परिकल्पना और एक संक्रियात्मक परिभाषा में अन्तर बताइये ।

Differentiate among a theory, a hypothesis and an operational definition. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) क्या एक शोधकर्त्ता को डेटा एकत्र करने से पहले हमेशा एक परिकल्पना बनानी चाहिए ? यथोचित उदाहरण देकर औचित्य सिद्ध कीजिए ।

Should the researcher always formulate a hypothesis before collecting data ? Justify your answer with appropriate example. 10

5.(b) निर्णय लेने के क्षेत्र में हाल के रुझानों (ट्रेंड) पर चर्चा करें ।

Discuss recent trends in the field of decision-making. 10

5.(c) लिंग भेद आपके व्यवहार को कैसे प्रभावित करता है ?

How does gender differences account for behaviour ? 10

5.(d) प्रक्षेपित व्यक्तित्व परीक्षण के विकास के लिए कौन से परिकल्पित विचार अग्रसर होते हैं ?

What hypothetical ideas lead to the development of projective personality tests ? 10

5.(e) "बिना उपयोग के ज्ञान निरर्थक/व्यर्थ है ।" सामाजिक समास्याओं के समाधान के लिए मनोविज्ञान के अनुप्रयोग पर सकेंद्रण/फोकस करते हुए इस कथन की विवेचना कीजिए ।

"Knowledge without use is useless." Discuss the statement focussing on the application of psychology in resolving societal problems. 10

**6.** (a) पीयाज़ें के मतानुसार, "बौद्धिक विकास चरणों के माध्यम से होता है जो कि एक निश्चित क्रम में होते हैं और जो सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर ध्यान दिये बिना सार्वभौमिक हैं ।" पीयाज़ें के मत की विस्तृत आलोचनात्मक जाँच करें ।

In view of Piaget, "Intellectual development takes place through stages which occur in a fixed order and which are universal regardless of social and cultural background." Critically examine Piaget's point of view in detail. 20

**6.** (b) उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों के निर्माण पर चर्चा करें ।

Discuss formation of stereotypes and prejudices with the help of suitable examples. 15

**6.** (c) प्रयोगकर्ता अभिनति और प्रतिभागी प्रत्याशा पर काबू पाने के लिये द्विक-अंध प्रयोग (डबल ब्लाइंड एक्सपरिमेंट) को कैसे उपयोग किया जाता है ?

Explain how a double-blind experiment is used to overcome experimenter bias and participant expectancy effects. 15

**7.** (a) बुद्धि और अभिक्षमता कैसे भिन्न हैं ? बुद्धि के 'g' और 's' कारकों को ध्यान में रखते हुए दोनों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए ।

How do intelligence and aptitude differ ? Explain the two in the light of 'g' and 's' factors of intelligence giving suitable example. 20

**7.** (b) प्रत्यक्षण की ढलनशीलता (प्लास्टिसिटी) का क्या अर्थ और महत्व है ? चर्चा कीजिए ।

What is the meaning and significance of plasticity of perception ? Discuss. 15

**7.** (c) प्रभावी संचार प्रशिक्षण के क्या कदम (स्टेप्स) हैं ? विस्तृत चर्चा कीजिए ।

What are the steps for effective communication training ? Discuss in detail. 15

**8.** (a) क्या बचपन के अनुभवों का असर हमारे पूरे जीवन पर पड़ता है ? व्यक्तित्व सिद्धान्तों को ध्यान में रखते हुए अपना जवाब दें ।

Do childhood experiences affect us in our entire lives ? — Elaborate your answer in the light of personality theories. 20

**8.** (b) स्मृति को संगठन और स्मृति संवर्धिकी (निमॉनिक्) पद्धतियों से कैसे बेहतर किया जा सकता है ?

How can the memory be improved with the help of organization and mnemonic techniques ? 15

**8.** (c) "मानव व्यवहार बहुत से कारकों से प्रभावित होता है जो परस्पर व्यापित (ओवरलैप) होते हैं । परिणामस्वरूप व्यवहार के कारण का विश्लेषण करना मुश्किल है ।" — चर्चा कीजिए ।

"Human behaviour is affected by multiple factors that tend to overlap. As a result of which it is difficult to analyse the cause of behaviour." — Discuss. 15

---



https://www.evidyarthi.in/